**जन पथ प्रदर्शक (सोशल गाईड)**

१०२२. **श्री एम० एन० सिंह :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तरपूर्वी रेलवे के छपरा, समस्तीपुर और सोनपुर के रेलवे स्टेशनों पर कितने जन पथ प्रदर्शक नियुक्त किये गये हैं ;

(ख) उन्हें प्रति दिन कुल कितने घंटे काम करना पड़ता है ; और

(ग) रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सहायता करने के लिये जन पथ-प्रदर्शकों की नियुक्ति किस आधार पर की जाती है ?

**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन) :** (क)

| | |
|---|---|
| छपरा— | कोई नहीं |
| समस्तीपुर | ३ |
| सोनपुर | ३ |

(ख) हर एक को ८ घंटे ।

(ग) सोशल गाईड (जो अब पैसेंजर गाईड कहलाते हैं) उन स्टेशनों पर रखे जाते हैं जहां बहुत से लोग गाड़ियां बदलते हैं या जहां अधिकतर तीर्थ यात्री और देहात के लोग भारी संख्या में आते जाते हैं । ऐसे लोगों को आम तौर पर रेलवे स्टेशनों और रेलवे द्वारा दी गई सुविधाओं की जानकारी न होने से विशेष सहायता की जरूरत होती है ।

**छपरा रेलवे स्टेशन पर पूछताछ कार्यालय**

१०२३. **श्री एम० एन० सिंह :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे के समस्तीपुर और सोनपुर स्टेशनों के पूछताछ कार्यालयों के कर्मचारियों की अपेक्षा छपरा स्टेशन के पूछताछ कार्यालय में कर्मचारी कम हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसका क्या कारण है ; और



(ग) इन कर्मचारियों के काम के घंटे क्या हैं ?

**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन) :** (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

(ग) रोज दो पारियां लगती हैं, एक ६ बजे सुबह से २ बजे दिन तक और दूसरी २ बजे दिन से १० बजे रात तक ।

**Absenteeism in Mining Industries**

**1024. Shri N. B. Chowdhury:** Will the Minister of **Labour** be pleased to state:

(a) the extent of absenteeism in coal fields during the period from April to August, 1955; and

(b) how these figures compare with the figures of absenteeism in other mineral industries such as gold and mica?

**The Minister of Labour (Shri Khandubhai Desai)** (a) The information is available upto June 1955 and is as follows:

| | |
|---|---|
| April, 55 | 14.24% |
| May, 55 | 14.01% |
| June, 55 | 14.13% |

The figures of absenteeism in coal mines are regularly published in the Monthly Coal Bulletin.

(b) The rate of absenteeism in coal mines is slightly higher than that in Gold Mines as shown in the statement below in respect of the months of January to March 1955 the figures for which are available. No separate figures for mica mines are available.

Absenteeism in:—

| | *Coal Mines* | *Gold Mines* |
|---|---|---|
| January, 55 | 14.26% | 13.6% |
| February, 55 | 12.85% | 12.4% |
| March, 55 | 14.78% | 13.0% |

These figures are also published in the Indian Labour Gazette.

**Sports**

**1025. Shri K. K. Das:** Will the Minister of **Health** be pleased to state:

(a) the financial assistance given by Government to the following sports organizations during 1954-55 and 1955-56, so far:—

(1) National Sports Club of India

(2) All India Lawn Tennis Association

(3) Table Tennis Association of India;

(b) the purposes for which the grants have been given; and

(c) the conditions attached; if any?

**The Deputy Minister of Health (Shrimati Chandrasekhar):** (a) The following financial assistance has been given to the sports organizations referred to during 1954-55 and 1955-56:—

| *Name of the Organisation* | *Financial assistance given during 1954-55 and 1955-56, so far.* | |
|---|---|---|
| | 1954-55 | 1955-56 |
| (1) The Rajkumari Sports Coaching Scheme. | Rs. 2.0 lakhs | Rs. 2.0 lakhs |
| (2) All India Lawn Tennis Association | Nil | Rs. 17,210 |
| (3) Table Tennis-Association of India. | Rs. 4,310 | Nil. |

(b) (1) For Coaching in Sports.

(2) Rs. 10,000 for the Asian Lawn Tennis Championship, and Rs. 7,210 for Davis Cup Matches.

(3) For competing in Asian Table Tennis Championship.

(c) The conditions attached to each of these grants are:—

(i) that the detailed accounts are furnished in respect of the grants paid;

(ii) that the utilisation certificate is furnished when the amount is spent; and

(iii) that the amount is utilised during the financial year in which it is granted.

### Strike in Tea Gardens

1026. Shri H. N. Mukerjee:
Shri K. K. Basu:
Shrimati Renu Chakravartty:
Shri B. C. Das:
Shri G. L. Chaudhury:
Shri M. Islamuddin:

Will the Minister of **Labour** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that workers of tea gardens in Alipore Dooars and Terai are on strike;

(b) if so, the number of wokers involved and their demands; and

(c) the number of gardens affected?

**The Minister of Labour (Shri Khandubhai Desai):** (a) to (c). According to a report received from the Government of West Bengal a strike was launched towards the end of August, 1955 by a number of tea garden workers in Dooars and Terai concerning their demands such as revision of wages, bonus, extension of the Provident Fund Scheme to the tea industry supply of fuel, revision of Standing Orders, hours of work, holidays, etc. In Dooars, nearly 80,000 workers were on strike on 30-8-55 in 89 gardens of which 56 were on complete strike and 33 on partial strike In Terai 17 gardens were on complete strike and 5 on partial strike on the 31-8-55. The strike was called off on 8-9-55 in Terai area and also in certain gardens of Dooars and on that date only about 7000 workers in 11 gardens of Kalchini area and 1 garden in Alipore Dooars were on strike.

### रेलवे कर्मचारी

१०२७. **श्री विभूति मिश्र :** क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुजफ्फरपुर (उत्तर पूर्वी रेलवे) में महत्वपूर्ण कर्मचारी जैसे गार्ड और सहायक स्टेशन मास्टर को रहने के लिये क्वार्टर नहीं मिले हैं जब कि साधारण कर्मचारी जैसे क्लर्कों आदि को क्वार्टर मिले हुये हैं ; और

(ख) यदि हां, तो गार्डों और सहायक स्टेशन मास्टरों को वहां अब तक क्या सुविधा दी गई है ?

**रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन) :** (क) और (ख). जी नहीं। मुजफ्फरपुर के सभी सहायक स्टेशन मास्टरों को मकान दे दिये गये हैं लेकिन अभी तक सब गार्डों को मकान नहीं मिल सके हैं। रीजनल आफ़िस के कुछ क्लर्कों को भी मकान दे दिये गये हैं। जो खास तौर पर उन्हीं के लिए बनाये गये थे। १९ में से ४ गार्डों को और ६ सहायक स्टेशन मास्टरों में सभी को मुजफ्फरपुर में मकान दे दिये गए हैं। तीन सहायक स्टेशन मास्टर अभी तक इन मकानों में नहीं जा सके हैं, क्योंकि उन में रहने वालों ने अभी तक मकान खाली नहीं किये हैं।